मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–15.04.2020

★कोरोना के विरुद्ध यह सामुहिक लड़ाई है, मिलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें...हेमन्त सोरेन
======================
मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति- ***361/2020***
15 अप्रैल ***2020***
=====================
★मुख्यमंत्री ने एकाएक रुकवाई गाड़ी, पहुंचे भोजन ग्रहण कर रहे गरीबों के बीच

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन मंत्रालय जाने के क्रम में एकाएक पुराना विधानसभा के पास स्थित शहीद मैदान की ओर अपने वाहन को ले जाने का आदेश देते हैं। किसी को कुछ समझ नहीं आया कि मुख्यमंत्री ने आखिर क्यों ऐसा आदेश दिया। मैदान के पास पहुंचते ही मुख्यमंत्री मैदान में कतारबद्ध खाना खा रहे गरीब व असहाय लोगों के बीच पहुंचते हैं। उनसे उनका हाल जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा मालूम है परेशानी हो रही है। लेकिन आपकी सुरक्षा के लिए यह जरूरी है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य में कोई भी भूखा नहीं रहेगा।

सराहनीय कार्य, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए

मुख्यमंत्री ने गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने वाले संस्था बीपीएचओ, झारखण्ड के सदस्यों द्वारा किये जा रहे पुनीत कार्य की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कोरोना के विरुद्ध यह सामुहिक लड़ाई है। हम सभी को अपने अपने सामर्थ्य के अनुरूप लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को मदद पहुंचाते हुए मानवता को चरितार्थ करना है। यह ध्यान रखें। वितरित किया जा रहा भोजन गुणवत्तापूर्ण हो और सामाजिक दूरी का पालन भी होना चाहिए।
###
=======================
★***Team PRD(CMO)***